SDV Samastipur
Original Paper 2015

संकलित परीक्षा - II (2014-2015)
हिन्दी 'ब'
कक्षा -IX

N87G9E5

निर्धारित समय : 3 घण्टे

अधिकतम अंक :90

निर्देश :

(1) इस प्रश्न-पत्र के **चार खंड** हैं - **क, ख, ग और घ ।**

(2) **खंड -क प्रश्न संख्या 2 मुक्त पाठ** पर आधारित है।

(3) **चारों** खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना **अनिवार्य** है।

(4) यथासंभव प्रत्येक खंड के उत्तर क्रमशः दीजिए।

QUESTION PAPER @2015 for SA2
JSUNIL TUTORIAL
www.jsuniltutorial.weebly.com/

## खण्ड-क
### ( अपठित बोध एवं मुक्त पाठ )

1 **निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।(2x5=10)** 10

आज से प्राय: सौ-सवा सौ साल पहले वाले किसान-संघर्षों एवं आन्दोलनों का वर्णन मिलता है। इसमें सबसे पुराना मालाबार के मोपला किसानों का विद्रोह है, जो 1836 में शुरू हुआ था। कहने वाले कहते हैं कि ये मोपले कट्टर मुसलमान होने के नाते अपना आन्दोलन धार्मिक कारणों से ही करते रहे हैं। असहयोग-युग के उनके विद्रोह के बारे में तो स्पष्ट ही यही बात कही गई है। मगर ऐसा कहने-मानने वाले अधिकारियों एवं जमींदार-मालदारों के लेखों तथा बयानों से ही यह बात सिद्ध हो जाती है कि दरअसल आर्थिक एवं सामाजिक उत्पीड़न ही इस विद्रोह के असली कारण रहे हैं और धार्मिक रंग अगर उन पर चढ़ा है तो कार्य-कारणवश ही, प्रसंगवश ही। 1920 और 1921 वाले विद्रोह को तो सबों ने, यहाँ तक कि महात्मा गांधी ने भी धार्मिक ही माना है। असहयोग युग के बाद जो भी किसान-आन्दोलन हुए हैं उन्हें संगठित रूप मिला है, यह बात सही है। संगठित से हमारा आशय सदस्यता के आधार पर बनी किसान-सभा और किसानों की पंचायत से है, जिसका कार्यालय नियमित रूप से काम करता रहता है और समय पर सभी समितियाँ होती रहती हैं। कागजी घुड़दौड़ भी चालू रहती है। यह बात पहले न थी। इसी से पूर्ववर्ती आन्दोलन असंगठित था। या तो विद्रोहों को तत्काल सफल होने के लिए उनका किसी-न- किसी रूप में संगठित होना अनिवार्य था। 'पतिया' जारी करने का रिवाज अत्यन्त प्राचीन है। मालूम होता है, पहले दो-चार अक्षरों या संकेतों के द्वारा ही संगठन का मंत्र फूँका जाता था। यातायात के साधनों के अभाव में उसे वर्तमान कालीन सफलता एवं विस्तार प्राप्त न होते थे।

(क) सबसे पुराना किसान आन्दोलन कब और कहाँ शुरू हुआ ?

(ख) मोपला किसानों के विद्रोह का मुख्य कारण क्या था ?

(ग) संगठित किसान आंदोलन की क्या विशेषताएँ थीं ?

(घ) असहयोग युग के बाद किसान आंदोलनों में क्या बदलाव आए ?

(ङ) पूर्ववर्ती किसान आंदोलन की असफलता के क्या कारण थे ?

2 **मुक्त पाठ विषय : स्वास्थ्य (5+5)** 10

(i) मोटापा कम करने के लिए कौन सी सर्जरी का उपयोग किया जाता है? उसके बारे में संक्षेप में लिखिए।

(ii) नगरों के स्कूलों के बच्चों को फास्ट फूड की ज्यादा ललक क्यों पड़ गई है? लिखिए।

(*कृपया सुनिश्चित कर लें कि उपरोक्त विषय की मुक्त सामग्री इस प्रश्न-पत्र के साथ संलग्न है)

QUESTION PAPER @2015 for SA2
JSUNIL TUTORIAL
www.jsuniltutorial.weebly.com/

## खण्ड ख

## ( व्यावहारिक व्याकरण )

3 (क) निम्नलिखित शब्दों के वर्ण-विच्छेद कीजिए : 5

(1) संस्कृति (2) शीतलता

(ख) निम्नलिखित शब्द में से उस शब्द को चुनिए, जिसमें अनुस्वार का प्रयोग होता है :

हसमुख, तरगिणी

(ग) निम्नलिखित शब्द में उचित स्थान पर अनुनासिक का प्रयोग कर शब्द को दुबारा लिखिए :

आत

(घ) निम्नलिखित शब्द में उचित स्थान पर नुक्ते का प्रयोग कीजिए :

जमानत

4 (क) निम्नलिखित शब्दों में सन्धि कीजिए: 4

1. अतिशय+ उक्ति 2. छात्र+ आवास

(ख) निम्नलिखित शब्दों में सन्धिविच्छेद कीजिए:

1. हर्षातिरेक 2. वक्रोक्ति

5 (क) निम्नलिखित शब्दों में मूल शब्दों व उपसर्गों को अलग-अलग करके लिखिए : 6

(1) उपदेश (2) अनुवाद

(ख) निम्नलिखित शब्द में मूल शब्द व प्रत्यय को अलग-अलग करके लिखिए :

देवरानी

(ग) निम्नलिखित में विरामचिह्न लगाइए :

(1) प्रिया लंदन न्यूयार्क और फ्लोरिडा घूमने गई है।

(2) माँ ने कहा पेड़ पौधे भी रात में सोते हैं

(3) शाबाज तुमने बाजी मार ली

## खण्ड ग

## ( पाठ्य-पुस्तक )

पठित पाठों के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए। ( 2+2+1 )

6(i) ग्रामदेवी के मणिभवन पर कौन-कौन से लोग गांधी जी से मिलने आते थे?'शुक्रतारे के समान' पाठ के आधार पर लिखिए। 2

6(ii) गरीब और अधिक गरीब कैसे हो रहे हैं ?' धर्म की आड़' पाठ के आधार पर उत्तर दीजिए। 2

6(iii) रामन को 'भारत रत्न' पुरस्कार कब मिला था?'वैज्ञानिक चेतना के वाहक' पाठ के आधार पर लिखिए। 1954 1

QUESTION PAPER @2015 for SA2

7 सर्वत्र-सनातन, गहरा कीचड़ कहाँ-कहाँ दिखाई देता है और उसकी क्या विशेषताहै? 'कीचड़ का काव्य' पाठ के आधार पर लिखिए। 5

JSUNIL TUTORIAL
www.jsuniltutorial.weebly.com/

8 **निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए।(2+2+1)** 5

रामन की खोज भौतिकी के क्षेत्र में एक क्रांति के समान थी। इसका पहला परिणाम तो यह हुआ कि प्रकाश की प्रकृति के बारे में आइंस्टाइन के विचारों का प्रायोगिक प्रमाण मिल गया। आइंस्टाइन के पूर्ववर्ती वैज्ञानिक प्रकाश को तरंग के रूप में मानते थे, मगर आइंस्टाइन ने बताया कि प्रकाश अति सूक्ष्म कणों की तीव्र धारा के समान है। इन अति सूक्ष्म कणों की तुलना आइंस्टाइन ने बुलेट से की और इन्हें 'फोटॉन' नाम दिया। रामन् के प्रयोगों ने आइंस्टाइन की धारणा का प्रत्यक्ष प्रमाण दे दिया, क्योंकि एकवर्णीय प्रकाश क वर्ण में परिवर्तन यह साफ़तौर पर प्रमाणित करता है कि प्रकाश की किरण तीव्रगामी सूक्ष्म कणों के प्रवाह के रूप में व्यवहार करती है।

<u>प्रश्न</u>

(क) रामन् की खोज का पहला परिणाम क्या निकला ?

(ख) आइंस्टान ने सूक्ष्म कणों की तुलना किससे की और इसे क्या नाम दिया ?

(ग) एक वर्णीय प्रकाश के वर्ण में परिवर्तन से क्या सिद्ध होता है ?

**पठित कविताओं के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए। ( 2+2+1)**

9(i) 'अग्निपथ' कविता के आधार पर लिखिए कि क्या घने वृक्ष भी हमारे मार्ग की बाधा बन सकते हैं ? 2

9(ii) 'गंदगी में रहकर भी खुशबू का निर्माण' - कथन के द्वारा कवि देश की किस विषमता की ओर इशारा कर रहा है ? 2

9(iii) 'गीत-अगीत' कविता के आधार पर लिखिए कि 'वेगवती बहती जाती है,' कथन से क्या तात्पर्य है? 1

10 प्रसाद लेकर मंदिर के द्वार पर पहुँचने पर सुखिया के पिता को क्या सुनाई दिया ? 'एक फूल की चाह' कविता के आधार पर अपने शब्दों में लिखिए। 5

11 धर्मवीरभारती का जीवन बचाने के लिए डॉ. बोर्जेस ने जो खतरा उठाया क्या वह उचित था ? 'मेरा छोटा सा निजी पुस्तकालय'पाठ के आधार पर अपने विचार प्रकट कीजिए। इससे आप क्या प्रेरणा ग्रहण करते हैं ? 5

## खण्ड घ

### ( लेखन )

दिए गए संकेत बिन्दुओं के आधार पर **किसी एक** विषय पर लगभग 80 से 100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए।

12(i) ग़रीबों की बस्ती
- रहन सहन
- अभावपूर्ण जीवन
- क्या करें ?

12(ii) झूठ बोलने की विवशता
- कब
- क्यों ?
- पश्चात्ताप

12(iii) पुस्तक मेला 5
- प्रमुख आकर्षण
- लाभ
- मेरी प्रिय पुस्तकें

HINDI QUESTION PAPER @2015 for SA2
JSUNIL TUTORIAL
www.jsuniltutorial.weebly.com/

13 अपनी दीदी व जीजा जी को विवाह की दसवीं वर्ष गाँठ पर बधाई देते हुए पत्र लिखिए। 5

14 *दिए गए चित्र को ध्यान से देखकर अपने मन में उभरे विचारों को 20-30 शब्दों में अपनी भाषा में प्रस्तुत कीजिए। विचारों का वर्णन स्पष्ट रूप में चित्र से ही सम्बद्ध होना चाहिए।* 5



15 मारपीट करने वाले एक छात्र और अनुशासन समिति के अध्यक्ष का संवाद लगभग 50 शब्दों में लिखिए। 5

16 'मंडीहाऊस' नईदिल्ली में उभरते चित्रकारों की चित्र प्रदर्शनी के लिए दर्शकों का ध्यान आकर्षित करने हेतु विज्ञापन तैयार कीजिए। 5